i next

हर दिन एक नई शुरुआत

Jagran

A JAGRAN INITIATIVE

**i next**
**Varanasi,** 5 August, 2011

Pg 5

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मिला प्राइज

## बनारस बीड्स ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

**VARANASI (4 Aug, i next):** बनारस बीड्स लिमिटेड के कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए गुरुवार को पुरस्कृत किया गया. चेयरमैन स्पेशल एवार्ड जयसिंह को 51 हजार रुपये का मिला. प्रबंध विभाग श्रेणी में मंजू गुप्ता को 11 हजार रुपये, सुपरवाइजर श्रेणी में पांच हजार एक सौ रुपये परमानंद को और कर्मचारी वर्ग में हिमाचल प्रसाद को विशिष्ट सेवा के लिए 21 सौ रुपये का पुरस्कार दिया गया. चीफ गेस्ट कमिश्नर अजय उपाध्याय के हाथों पुरस्कार वितरण हुआ. इस अवसर पर कम्पनी के प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी भी प्रतिष्ठान और उद्योग की प्रगति का आधार होते हैं. उन्होंने बताया कि कम्पनी के पुराने कर्मचारी नरसिंह को मरणोपरान्त 'लायल्टी सम्मान' प्रदान किया जाता है. प्रोग्राम का संचालन कम्पनी सचिव आरके सिंह ने किया.



**बनारस बीड्स को चीफ गेस्ट कमिश्नर ने किया सम्मानित.**

वाराणसी संस्करण, 16+4 (हस्तक्षेप) 20 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.00

राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

वाराणसी । शनिवार • 6 अगस्त • 2011

राष्ट्रीयता । कर्तव्य । समर्पण

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बनारस बीड्स के कर्मचारी पुरस्कृत

**▶ जयसिंह को 51 व मंजू को 11 हजार रु. का मिला पुस्कार**

**वाराणसी (एसएनबी)।** कर्मचारी देश की प्रगति के लिए मील के पत्थर के रूप में काम करते हैं चाहे वह निजी क्षेत्र हो या सार्वजनिक। कर्मचारियों के मेहनत से जो इकाई तरक्की करती है उसका प्रतिफल-कर्मियों को भी मिलता है। बनारस बीड्स में जिन कर्मचारियों ने जो रिकार्ड कायम किया उससे कंपनी और आगे जाएगी। कर्मचारी देश, समाज में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय ने कही। अवसर था लहरतारा स्थित बनारस बीड्स में पुरस्कार वितरण समारोह का। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2010-2011 की अवधि में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी भी प्रतिष्ठान, उद्योग और देश की प्रगति के आधार होते हैं। कंपनी की उल्लेखनींय सेवाओं के लिए चेयरमैन स्पेशल एवार्ड जयसिंह को 51 हजार रुपये व प्रबंधन विभाग श्रेणी में श्रीमती मंजू गुप्ता को 11 हजार रुपये, सुपरवाइजर श्रेणी में परमानन्द को पांच हजार एक सौ रुपये तथा कर्मचारी वर्ग में हिमाचल प्रसाद को 2100 रुपये की नगद धनराशि प्रदान की गयी। समारोह का संचालन कंपनी सचिव आरके सिंह व धन्यवाद कार्यकारी निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता ने किया।




बनारस बीड्स के पुस्कृत कर्मचारी। फोटो : एसएनबी

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
र, 05 अगस्त, 2011, वाराणसी, पांच प्रदेश, 16 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत

**वाराणसी।** बनारस बीड्स लि. ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को गुरुवार को पुरस्कृत किया। जयसिंह नामक कर्मचारी को चेयरमैन ने स्पेशल एवार्ड प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय ने पुरस्कार प्रदान किया।

चांदपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित संस्थान परिसर में आयोजित समारोह में मंजू गुप्ता, परमानंद व हिमाचल प्रसाद को विशिष्ट सेवाओं के लिए क्रमशः 11 हजार, 5 हजार, 2100 रुपये नगद दिया गया जबकि जय सिंह को 51 हजार दिया गया।

कंपनी के सीएमडी अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी भी प्रतिष्ठान, उद्योग और देश की प्रगति के आधार होते हैं। पुराने कर्मचारी स्व. नरसिंह को मरणोपरांत 'लायल्टी सम्मान' प्रदान करते हुए उनकी आंखें भर आयी। **कासं.**

य ₹ 3.00

● वाराणसी ● न

राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

गाह

14

आमंत्रण मूल्य

राष्ट्रीयता । कर्त्तव्य । समर्पण

ी

ह बूते
जपा
स में
ज्यता
iग्रेस
मिल
के वे
उन्हें
चल
रूप में
किस
ने से

न की
है कि
त हो
रों से
कोई
हाल
I या
ला

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बनारस बीड्स के कर्मचारी पुरस्कृत

**वाराणसी (एसएनबी)**। कर्मचारी देश की प्रगति के लिए मील के पत्थर के रूप में काम करते हैं चाहे वह निजी क्षेत्र हो या सार्वजनिक। कर्मचारियों के मेहनत से जो इकाई तरक्की करती है उसका प्रतिफल कर्मियों को भी मिलता है। बनारस बीड्स में जिन कर्मचारियों ने जो रिकार्ड कायम किया उससे कंपनी और आगे जाएगी। कर्मचारी देश, समाज में अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय ने कही। अवसर था लहरतारा स्थित बनारस बीड्स में पुरस्कार वितरण समारोह का। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2010-2011 की अवधि में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी भी प्रतिष्ठान, उद्योग और देश की प्रगति के आधार होते हैं। कंपनी की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए चेयरमैन स्पेशल एवार्ड जयसिंह को 51 हजार रुपये व प्रबंधन विभाग श्रेणी में श्रीमती मंजू गुप्ता को 11 हजार रुपये, सुपरवाइजर श्रेणी में परमानन्द को पांच हजार एक सौ रुपये तथा कर्मचारी वर्ग में हिमाचल प्रसाद को 2100 रुपये की नगद धनराशि प्रदान की गयी। समारोह का संचालन कंपनी सचिव आरके सिंह व धन्यवाद कार्यकारी निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता ने किया।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 40 अंक 263
पृष्ठ 18

वाराणसी, शुक्रवार
5 अगस्त, 2011

नगर संस्करण

मूल्य ₹ 3.50




बनारस बीड्स के पुरस्कृत कर्मचारी, एमडी व मुख्य अतिथि।

## बनारस बीड्स के कर्मचारी हुए पुरस्कृत

**वाराणसी :** बनारस बीड्स लि. ने वित्तीय वर्ष 2010--11 की अवधि में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अपने चार कर्मचारियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। गुरुवार को इंडस्ट्रियल इस्टेट स्थित कंपनी परिसर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय रहे। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी भी प्रतिष्ठान, उद्योग औ देश की प्रगति के आधार होते है। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए कंपनी का चेयरमैन स्पेशल एवार्ड जयसिंह को दिया गया। प्रबंधन विभाग श्रेणी में श्रीमती मंजू गुप्ता, सुपरवाइजर श्रेणी में परमानंद तथा कर्मचारी वर्ग में हिमाचल प्रसाद को विशिष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया। संचालन कंपनी के सचिव आरके सिंह ने किया।

AMAR UJALA COMPACT

# अमर उजाला कॉम्पैक्ट

वाराणसी
शुक्रवार
5 अगस्त
2011

visit us on www.aucompact.com

वाराणसी, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, गोरखपुर, बरेली से प्रकाशित

...ड़ा और उसे पकड़ लिया।

## बनारस बीड्स कर्मियों का कमिश्नर ने किया सम्मान

वाराणसी। बनारस बीड्स कंपनी लि. ने वित्तीय वर्ष 2010-11 में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अपने कर्मचारियों को गुरुवार को सम्मानित किया। चांदुपर इंडस्ट्रियल इस्टेट स्थित कंपनी परिसर में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय ने कर्मचारियों को पुरस्कार दिए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि निजीया सार्वजनिक क्षेत्र के कोई भी कर्मचारी देश की प्रगति महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी प्रतिष्ठान, उद्योग और देश की प्रगति का आधार होते हैं। इस मौके पर चेयरमैन अवार्ड जय सिंह को दिया गया। प्रबंधन विभाग में मंजू गुप्ता, सुपरवाइजर में परमानंद, कर्मचारी वर्ग में हिमाचल प्रसाद को विशिष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया।

संचालन कंपनी के सचिव आरके सिंह, धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता ने किया। कंपनी के पुराने कर्मचारी नरसिंह को मरणोपरांत लायल्टी सम्मान दिया गया। समारोह के पूर्व कंपनी की 31वीं वार्षिक बैठक हुई।

the pioneer
SATURDAY | AUGUST 6, 2011



Divisional Commissioner AK Upadhyay at BBL felicitation function in Varanasi on Thursday evening Pioneer

# BBL felicitates outstanding employees

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

Leading export company of the country, Banaras Beads Limited (BBL) felicitated its employees for their outstanding performance during 2010-11 at a function held at its Chandpur Industrial Estate premises here on Thursday evening. Divisional Commissioner Ajay Kumar Upadhyay was the chief guest.

Greeting the employees who were honoured, Commissioner Upadhyay encouraged others to do the same to win the similar honours in coming years. He said that for any company or institution, whether it is public or private one, its employees play an important role in growth and they play role of milestones in rise of their institution. He appealed to the employees to support in environment protection and improvement.

Giving away awards to the employees, Chairman and Managing Director (CMD) of the company Ashok Kumar Gupta said that dedicated employees are base of growth of any institution, industry and country. He turned emotional when he awarded 'Loyalty Honours' posthumously to late Narsingh. He said that joining the company as an employee Narsingh was promoted to the post of manager because whenever any work was assigned to him he did the same with honesty and sincerity.

He said that company has decided that every year it would honour the employees for their fine performances.

Company's secretary RK Singh conducted the proceedings. The function was attended by several industrialists and dignitaries. Executive Director Siddharth Gupta proposed the vote of thanks. This year, for outstanding work Chairman's Special Award was given to Jai Singh, while special awards were given to Manju Gupta in managerial section, Parmanand in supervisory section and Himachal Prasad among employees. Jai Singh received cash award of ₹ 51,000, while Manju Gupta ₹11,000, Parmanand ₹ 5,100 and Himachal Prasad ₹ 2,100.

Earlier, the 31st annual meeting of company was held under the chairmanship of CMD Ashok Kumar Gupta. The function was attended by share holders and members of Board of Directors apart from account auditors. Company Secretary RK Singh conducted the proceedings.

The function was attended by Director Rekha Gupta, Ashok Kapoor, Tanmaya Deva, Shivani Gupta and Shiv Dev Narayan Rai.

हिन्दी जगतमें
सर्वाधिक लोकप्रिय

# आज

वाराणसी, शुक्रवार ५ अगस्त २०११ सौर २० श्रावण सं. २०६८ वि. E-Mail:ajvaranasi@rediffmail.com काशी

तत्पश्चात उन्होंने फीता    आदि लोग उपस्थित थे।

## उद्योगों के विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान-मण्डलायुक्त

### बनारस बीड्स लिमिटेड में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी पुरस्कृत

मण्डलायुक्त श्री अजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि किसी भी उद्योग धन्धे में महिलाएं भी पुरुषों के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर काम कर रही है। उद्योगों के विकास में महिलाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान है। कामकाजी महिलाऐं सामाजिक कुरीतियों का शिकार नहीं होती है। उनके अन्दर चिन्तन बढ़ जाता है। चांदपुर इण्डस्ट्रियल इस्टेट स्थित बनारस बीड्स लिमिटेड में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में मन्दी एवं तेजी का दौर रहता है। इसी विषम परिस्थितियों में बनारस बीड्स प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यह कुशल प्रबंधक एवं श्रमिकों के कठिन परिश्रम की देन है। प्रबंधक एवं श्रमिक का यह कुशल समन्वय अच्छे उद्योग की पहचान है। उन्होंने कहा कि एक उद्योग को कई लोगों को रोजगार मिलते है। देश की आर्थिक स्थिति पर भी इसके दूरगामी परिणाम मिलते हैं, उवं श्रमिक इस उद्योग परिवार का सदस्य होता है। उद्योग के विकास में ही मजदूर का विकास निहित रहता है। बनारस बीड्स में महिलाओं को भी रोजगार मिला है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें ग्रामीण महिलाएं भी जुड़ी है।

कम्पनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार गुप्त ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी भी प्रतिष्ठान, उद्योग एवं देश की प्रगति के आधार होते हैं। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्यों के लिए श्रेष्ठ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। कम्पनी के सबसे पुराने कर्मचारी स्वर्गीय नरसिंह को मरणोपरान्त लायल्टी सम्मान दिया गया। कम्पनी का चेयरमैन स्पेशल अवार्ड भी जयसिंह को दिया गया। प्रबंधन विभाग श्रेणी में श्रीमती मंजू गुप्त, सुपरवाइजर श्रेणी में परमानन्द तथा कर्मचारी वर्ग में श्री हिमाचल प्रसाद को विशिष्ठ सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह से पूर्व कम्पनी की ३१ वीं वार्षिक बैठक हुई जिसमें कम्पनी के शेयर होल्डर निदेशक मंडल सदस्य एवं कंपनी के लेखा परीक्षकों ने भाग लिया। समारोह का संचालन कम्पनी के सचिव श्री आर.के. सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कम्पनी के युवा कार्यकारी निदेशक श्री सिद्धांथ गुप्त ने किया।




बनारस बीड्समें पुरस्कृत कर्मचारियोंके साथ मण्डलायुक्त एवं कंपनीके प्रबंध निदेशक अशोक गुप्त।

Licence to post without prepayment, Licence No Vsi-E/006/2009-2011, Varanasi H.O.

₹2.50

# गांडीव

gandivvns@gmail.com ■ टंकार 61 बाण 286 ■ काशी, मंगलवार, श्रावण शुक्ल 11, तारीख 9 अगस्त, 2011 ■ पृष्ठ संख्या- 8, मूल्य - दो रुपया पचास पैसा

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिये बनारस बीड्स के कर्मचारी पुरस्कृत

काशी। वित्तीय वर्ष 2010-2011 की अवधि में उत्कृष्ट तथा उल्लेखनीय सेवाओं के लिये बनारस बीड्स लिमिटेड के कर्म चारियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। गुरुवार को इंडस्ट्रियल इस्टेट स्थित कंपनी परिसर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय रहे। अम्बुज कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया। कर्मचारियों को पुरस्कृत करते हुए कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी प्रतिष्ठान, उद्योग और देश की प्रगति के आधार होते हैं। कंपनी के पुराने कर्मचारी स्वर्गीय नरसिंह को मरणोपरांत 'लायल्टी सम्मान' प्रदान करते हुए श्री अशोक कुमार गुप्ता की आंखें भर आई। उन्होंने कहा कि एक कर्मचारी से तरक्की कर प्रबंधक पद पर प्रोन्नत होने वाले नरसिंह को जो भी काम सौंपा गया उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य किया। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रति वर्ष उल्लेखनीय कार्यों के लिये कंपनी के श्रेष्ठ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जायेगा। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय ने अपने आशीर्वचन में जहां पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी वहीं अन्य कर्मचारियों को भी एक परिवार की भांति कार्य करते हुए भविष्य में पुरस्कृत होने वाले कर्मचारियों में सम्मिलित होने के लिये उत्साहित किया। मंडला युक्त ने कहा कि कर्मचारी देश के प्रगति के लिये मील के पत्थर के रुप में कार्य करते हैं, चाहे वे निजी क्षेत्र के हों या सार्वजनिक उपक्रमों के। आपने सभी कर्मचारियों को वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सुधार में अपना योगदान देने की अपील की। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन कंपनी सचिव आर. के. सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उद्यमी, प्रतिष्ठित नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित रहे। धन्यवाद कंपनी के युवा कार्यकारी निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता ने किया। इस वर्ष कंपनी की उल्लेखनीय सेवाओं के लिये कंपनी का चेयरमैन स्पेशल एवार्ड जयसिंह को दिया गया। प्रबंधन विभाग श्रेणी में श्रीमती मंजू गुप्ता, सुपरवाइजर श्रेणी में परमानंद तथा कर्मचारी वर्ग में हिमाचल प्रसाद को विशिष्ट सेवाओं के लिये पुरस्कृत किया गया। चेयरमैन स्पेशल पुरस्कार के रुप में जयसिंह को इक्यावन हजार रुपये की नकद धनराशि, प्रबंधक वर्ग में श्रीमती मंजू गुप्ता को ग्यारह हजार रुपये, सुपर वाइजर वर्ग में पांच हजार एक सौ रुपये परमानंद को तथा कर्मचारी वर्ग में 2100 रुपये की नकद धनराशि हिमाचल प्रसाद को प्रदान की गयी। पुरस्कार वितरण समारोह के पूर्व बनारस बीड्स लिमिटेड की 31वीं वार्षिक बैठक कंपनी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गुप्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वार्षिक बैठक मे शेयर होल्डरों तथा निदेशक मंडल के सदस्य एवं कंपनी के लेखा परीक्षकों ने हिस्सा लिया। संचालन कंपनी सेक्रेटरी आर.के. सिंह ने किया। समारोह मे कंपनी की निदेशक श्रीमती रेखा गुप्ता, निदेशक सर्वश्री अशोक कपूर, तन्मय देवा आदि जन उपस्थित रहे।



बनारस बीड्स लि. द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय ( बायें ) तथा दायें पुरस्कृत कर्मचारी मुख्य अतिथि एवं कंपनी के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गुप्ता व कार्यकारी निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता के साथ।

वाराणसी | शुक्रवार | 5 अगस्त 2011

# अमर उजाला

वाराणसी 5

## प्रगति में कर्मचारियों की भूमिका अहम

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बनारस बीड्स कर्मी पुरस्कृत

- जय सिंह को मिला चेयरमैन का अवार्ड
- नरसिंह को मरणोपरांत लायल्टी सम्मान




बनारस बीड्स में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किए गए लोग।

अमर उजाला ब्यूरो

**वाराणसी।** बनारस बीड्स कंपनी लि. ने वित्तीय वर्ष 2010-11 में उत्कृष्ट तथा उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अपने कर्मचारियों को सम्मानित किया। गुरुवार को इंडस्ट्रियल इस्टेट चांदपुर स्थित कंपनी परिसर में आयोजित पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजय कुमार उपाध्याय ने कर्मचारियों को पुरस्कार दिए।

उन्होंने कहा कि कर्मचारी देश की प्रगति के लिए मील के पत्थर के रूप में कार्य करते हैं चाहे वे निजी क्षेत्र के हों या सार्वजनिक क्षेत्र के। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारी ही किसी प्रतिष्ठान, उद्योग और देश की प्रगति का आधार होते हैं। कंपनी के पुराने कर्मचारी नरसिंह को मरणोपरांत लायल्टी सम्मान प्रदान करते अशोक गुप्ता की आंखें भर आईं।

इस मौके पर चेयरमैन अवार्ड जय सिंह को दिया गया। प्रबंधन विभाग में मंजू गुप्ता, सुपरवाइजर में परमानंद, कर्मचारी वर्ग में हिमाचल प्रसाद को विशिष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया। संचालन कंपनी के सचिव आरके सिंह, धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह के पूर्व कंपनी की 31वीं वार्षिक बैठक हुई। समारोह की अध्यक्षता अशोक कुमार गुप्ता ने की। समारोह में निदेशक मंडल के सदस्य, शेयर होल्डर, लेखा परीक्षक मौजूद थे।